No. of Printed Pages/Questions: 3 / 6

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – I) 2026 – 2027

Class - 10 MM-20

Subject- Hindi Time: 1 Hrs.

Name: _____ Roll No.:_____

प्र0 1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1X3+2X2=7

भारतीय संस्कृति, जीवनशैली और खान–पान में मोटे अनाजों (मिलेट्स) का विशेष स्थान रहा है। ये विशिष्ट अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होने के साथ–साथ पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते हैं क्योंकि कम पानी और संसाधन के बीच ये विकसित हो जाते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि भारत सरकार के सुझाव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया। जिसका उद्देश्य मोटे अनाजों को लेकर जागरूकता फैलाना और इनके उत्पादन व सेवन को बढ़ावा देना है।

आमजन के बीच मोटे अनाजों का सेवन पिछली कई शताब्दियों से प्रचलित है, परन्तु इसके पोषकीय और औषधीय गुणों की जानकारी हाल ही में हुए जैव रासायनिक अनुसंधानों और चिकित्सा संबंधी अध्ययनों से सामने आई है। कुपोषण की समस्या के समाधान में मोटे अनाजों की अहम् भूमिका है। आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न होने वाले रोगों के संदर्भ में मोटे अनाजों के अनेक स्वास्थ्य लाभों को दुनिया ने जाना–पहचाना और सराहा है। मोटे अनाजों में गेहूँ और धान की अपेक्षा प्रोटीन और संतुलित अमीनो अम्ल अधिक पाया जाता है। इस तरह से ये मोटे अनाज बाकी अनाजों से पोषण के मामले में श्रेष्ठ होते हैं। इसके अलावा, मोटे अनाज आहार संबंधी रेशों, गुणवत्तापूर्ण वसा और महत्त्वपूर्ण खनिज जैसे कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन, जिंक तथा बी–कॉम्प्लेक्स विटामिनों के समृद्ध स्रोत हैं।

मोटे अनाजों में पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े इतने फायदों के बावजूद वर्तमान समय में मानव आबादी इनका सेवन नहीं करती या बहुत कम लोग इसे अपने खाने की थाली में जगह देते हैं। यह एक विडंबना है।

I उपर्युक्त गद्यांश किस विषयवस्तु पर आधारित है?

(क) कुपोषण की समस्या पर (ख) मोटे अनाज के महत्त्व पर

(ग) संतुलित आहार के महत्त्व पर (घ) स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर

II निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए–

कथन– मोटे अनाज बाकी अनाजों से पोषण के मामले में श्रेष्ठ होते हैं।

कारण– मोटे अनाजों में अनेक पोषकीय और औषधीय खूबियाँ होती हैं।

विकल्प –

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

III अंतरराष्ट्रीय माटा अनाज वर्ष का उद्देश्य है– उचित विकल्प का चयन करें।

(I) मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देना ।

(II) मोटे अनाज के प्रति जागरूकता फैलाना।

(III) मोटे अनाज को मुख्य फसल घोषित करना।

(IV) मोटे अनाज की प्रतिष्ठा को क्षति पहुँचाना।

विकल्प –

(क) कथन (I) और (II) सही हैं। (ख) केवल कथन (III) सही है।

(ग) कथन (I) और (IV) सही हैं। (घ) कथन (I), (II) और (IV) सही हैं।

IV आज मोटे अनाज अपने किन गुणों के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं ?

V कुपोषण की समस्या के समाधान में मोटे अनाजों की क्या भूमिका हो सकती है ?

प्र0 2 'वाच्य' पर आधारित निम्न पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1X4 = 4)

(I) इस कड़कती धूप में मज़दूर द्वारा भोजन भी नहीं किया जाता। **(वाच्य भेद पहचान कर लिखिए।)**

(II) कर्मवाच्य में कर्ता के साथ किन परसर्गों का प्रयोग होता है ?

(III) पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं। **(कर्मवाच्य में वाक्य बदलकर पुनः लिखिए।)**

(IV) उससे हँसा नहीं जाएगा। **(वाच्य भेद पहचान कर लिखिए।)**

(V) उसके द्वारा पढ़ाई की गई। **(कर्तृवाच्य में वाक्य बदलकर पुनः लिखिए।)**

प्र0 3 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X3=3)

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुज़रते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से पूछ लिया, क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है? पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था। वह एक काला मोटा और खुशमिज़ाज़ आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों–ही–आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल काली बत्तीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है। क्या करता है? हालदार साहब कुछ समझ नहीं पाए। चश्मा चेंज करता है। पानवाले ने समझाया।

(I) हालदार साहब ने चौराहे पर रुकने की आदत क्यों डाली?

(क) उन्हें पानवाले के पान आकर्षित करते थे।

(ख) उन्हें पानवाले से बातें करना अच्छा लगता था।

(ग) उन्हें चश्मे के बदलते फ्रेम देखने में आनंद आता था।

(घ) उन्हें चश्मे के फ्रेम बदलने का कारण जानने की जिज्ञासा थी।

(II) गद्यांश में हालदार साहब के लिए 'दुर्दमनीय' शब्द का प्रयोग किया गया है क्योंकि———।

(क) उनकी उत्सुकता बढ़ गई थी

(ख) वे स्वयं पर नियंत्रण कर रहे थे

(ग) वे पानवाले से प्रश्न करने में हिचकिचा रहे थे

(घ) उनके लिए जिज्ञासा पर नियंत्रण करना कठिन हो गया था।

(III) गद्यांश में पानवाले के ——— और ——— का सजीव वर्णन किया गया है।

(क) शारीरिक गठन, भाव–भंगिमाओं (ख) भावनात्मक विचार, सदाचार

(ग) मानवीय विचारों, निपुणता (घ) दैनिक अनुभव, स्फूर्ति

प्र0 4 जिस कस्बे में मूर्ति लगवाई जानी थी उसका संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 2

प्र0 5 गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ? 2

प्र0 6 गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है ? 2

——0——